# एक्शन क्वीन बनकर छाईं आलिया भट्ट

## अल्फा में दिखाया दमदार परफॉर्मेंस



**यश** राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की नई फिल्म 'अल्फा' ने रिलीज के साथ ही दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बना ली है. फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ मुख्य भूमिकाओं में हैं और दोनों अभिनेत्रियां पहली बार इतने बड़े स्तर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन करती नजर आती हैं. फिल्म की कहानी एक बेहद प्रशिक्षित और मॉडिफाइड सुपर सोल्जर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी परवरिश एक बागी कमांडर करता है. परिस्थितियां तब बदल जाती हैं, जब उसे अपने बचपन, परिवार और अतीत से जुड़े ऐसे सच का सामना करना पड़ता है, जो उसके जीवन की दिशा ही बदल देते हैं.

फिल्म की सबसे बड़ी खासियत इसके एक्शन सीक्वेंस हैं. स्टंट्स, चेज़ सीक्वेंस और स्पाई मिशन को बड़े पैमाने पर फिल्माया गया है, जिससे दर्शकों को लगातार रोमांच का अनुभव होता है. शरवरी वाघ भी अपने किरदार में पूरी मजबूती के साथ नजर आती हैं और एक्शन दृश्यों में प्रभाव छोड़ती हैं. हालांकि फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण आलिया का बदला हुआ अंदाज है. अब तक भावनात्मक और मजबूत महिला किरदारों के लिए पहचानी जाने वाली आलिया ने इस बार एक जासूस की भूमिका निभाकर अपने अभिनय का नया आयाम दिखाया है. उनके एक्शन सीक्वेंस, फिटनेस, बॉडी लैंग्वेज और स्क्रीन प्रेजेंस यह साबित करते हैं कि वह बड़े पैमाने की एक्शन फिल्मों में भी प्रभावशाली भूमिका निभाने में सक्षम हैं.

फिल्म में केवल एक्शन ही नहीं, बल्कि भावनात्मक संघर्ष और रहस्य भी कहानी को मजबूती देते हैं. किरदारों के बीच संबंध, अतीत की परतें और मिशन से जुड़ी चुनौतियां दर्शकों को अंत तक बांधे रखने की कोशिश करती हैं. अल्फा के जरिए महिला-केंद्रित एक्शन फिल्म को नए स्तर पर पेश करने का प्रयास किया है. आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की जोड़ी, दमदार एक्शन, शानदार तकनीकी प्रस्तुति और रोमांचक कहानी इस फिल्म को स्पाई-एक्शन शैली की चर्चित फिल्मों में शामिल करने की क्षमता रखती है.

# टीएमयू ने पूरा किया अक्षय कुमार का वादा



**तीर्थंकर** महावीर विश्वविद्यालय ने अभिनेता अक्षय कुमार के साथ मंच पर हुई बातचीत को केवल एक मनोरंजक पल बनकर नहीं रहने दिया, बल्कि उसे वास्तविकता में बदलकर छात्रों के बीच भरोसे और अपनत्व की नई मिसाल पेश की.

विश्वविद्यालय की ओर से साझा किए गए वीडियो में पूरा घटनाक्रम दिखाया गया है. वीडियो में नजर आता है कि विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में मौजूद हजारों छात्रों से संवाद के दौरान अक्षय कुमार ने मजाकिया अंदाज में कॉलेज प्रशासन से कहा था कि छात्रों को उनकी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' दिखाई जानी चाहिए.

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सुझाव को गंभीरता से लिया और फिल्म रिलीज होने पर छात्रों के लिए टिकटों की व्यवस्था कर दी. छात्रों के मोबाइल फोन पर संदेश भेजकर उन्हें निर्धारित स्थान से टिकट लेने के लिए आमंत्रित किया गया. जैसे ही छात्रों को टिकट मिली, उनके उत्साह का ठिकाना नहीं रहा. कई छात्र अपने दोस्तों के साथ सिनेमाघर पहुंचे और फिल्म का आनंद लिया. इस पूरे अनुभव ने उनके कॉलेज जीवन में एक नई और सुखद याद जोड़ दी.

# धुरंधर ने रणवीर सिंह को बनाया नए दौर का सुपरस्टार



**भारतीय** सिनेमा में समय-समय पर ऐसी फिल्में और फ्रेंचाइजी सामने आई हैं, जिन्होंने केवल मनोरंजन नहीं किया, बल्कि पूरे उद्योग की दिशा बदलने का काम किया. 'मुगल-ए-आजम' ने भव्यता की नई परिभाषा दी, 'शोले' ने मुख्यधारा की कहानी कहने का अंदाज बदल दिया और 'बाहुबली' ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाई. अब 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी को भी उसी परंपरा की अगली कड़ी के रूप में देखा जा रहा है. इस फ्रेंचाइजी की सफलता के केंद्र में अभिनेता रणवीर सिंह की दमदार मौजूदगी और प्रभावशाली अभिनय को माना जा रहा है.

पिछले एक वर्ष के दौरान रणवीर सिंह ने अपने करियर में उल्लेखनीय बदलाव देखा है. पिछले जन्मदिन से लेकर इस वर्ष के जन्मदिन तक का उनका सफर शानदार वापसी, नई उपलब्धियों और लगातार बढ़ती लोकप्रियता का गवाह बना है. 'धुरंधर' ने न केवल उनके अभिनय के नए आयाम दर्शकों के सामने रखे, बल्कि उन्हें हिंदी सिनेमा के नए दौर का प्रमुख चेहरा भी बना दिया. फिल्म की चर्चा केवल इसकी कहानी या प्रस्तुति तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसे एक ऐसी फ्रेंचाइजी के रूप में देखा जा रहा है, जिसने दर्शकों की अपेक्षाओं को नई दिशा दी है. रणवीर सिंह की सफलता का यह दौर केवल पेशेवर उपलब्धियों तक सीमित नहीं है. बीते वर्ष उनके जीवन में कई व्यक्तिगत खुशियां भी आईं, जिन्होंने इस सफर को और यादगार बना दिया.

# शनाया कपूर के लुक ने मेहंदी में लूटी महफिल



**बोनी** कपूर की बड़ी बेटी अंशुला कपूर के विवाह समारोह की शुरुआत मेहंदी की रस्म के साथ हो गई है. शादी से पहले आयोजित इस खास समारोह में कपूर परिवार के सदस्य और बॉलीवुड की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं. जाह्नवी कपूर, सोनम कपूर समेत परिवार के कई करीबी इस खुशी के मौके का हिस्सा बने. हालांकि पूरे समारोह में सबसे ज्यादा सुर्खियां शनाया कपूर के स्टाइलिश ब्राइड्समेड लुक ने बटोरीं.

शनाया कपूर ने मेहंदी समारोह के लिए इंडो-वेस्टर्न आउटफिट चुना, जिसमें पारंपरिक भारतीय कढ़ाई और आधुनिक डिज़ाइन का खूबसूरत मेल देखने को मिला. हल्के लेकिन आकर्षक मेकअप, खुले बालों और मिनिमल ज्वेलरी ने उनके पूरे लुक को बेहद एलिगेंट बना दिया. उनका यह अंदाज न केवल कैमरों का केंद्र बना, बल्कि सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो गया. फैशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह लुक आने वाले वेडिंग और फेस्टिव सीजन के लिए युवाओं के बीच नया ट्रेंड बन सकता है. शनाया कपूर पहले भी अपने फैशन स्टेटमेंट को लेकर चर्चा में रही हैं. चाहे रेड कार्पेट हो, किसी फिल्म का प्रमोशनल इवेंट या पारिवारिक समारोह, वह हर बार अपने अलग अंदाज से लोगों का ध्यान खींचती हैं. इस बार भी उन्होंने पारंपरिक और आधुनिक फैशन का ऐसा संतुलन पेश किया, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं.

अंशुला कपूर के प्री-वेडिंग फंक्शन्स में परिवार की खुशियां साफ नजर आईं. मेहंदी समारोह में संगीत, नृत्य और पारिवारिक उत्साह ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया.




## 'फितूर' में दिखेगा लड़कियों का अनकहा सफर

**शो** 'फितूर' एक ऐसी कहानी लेकर आ रहा है, जिससे कई लड़कियाँ खुद को जोड़ सकेंगी. शो 'फितूर' के प्रोमो में उन भावनाओं और चुनौतियों को दिखाया गया है, जिनका सामना लड़कियाँ पहली बार गर्ल्स स्कूल से निकलकर को-एड कॉलेज में प्रवेश के दौरान करती हैं. कई छात्राओं के लिए यह केवल कॉलेज की शुरुआत नहीं, बल्कि जीवन के एक नए दौर की शुरुआत होती है. नए माहौल में खुद को ढालना, अनजान लोगों से मिलना, झिझक और घबराहट जैसी भावनाओं से गुजरना आसान नहीं होता. 'फितूर' इन्हीं अनुभवों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करते हुए लड़कियों को आत्मविश्वास के साथ नई शुरुआत करने का संदेश देता है. शो की मुख्य अभिनेत्री देबचंद्रिमा सिंहा रॉय ने प्रोमो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, इस प्रोमो ने मुझे बहुत छू लिया क्योंकि यह ऐसी यात्रा है, जिससे बहुत-सी लड़कियाँ गुजरती हैं. गर्ल्स स्कूल के बाद पहली बार को-एड कॉलेज में जाना कई लड़कियों के लिए आसान नहीं होता. मुझे उम्मीद है कि जो भी लड़की यह प्रोमो देखेगी, उसे लगेगा कि उसकी भावनाओं को समझा गया है.

## पुष्पा इम्पॉसिबल' में दोहरी चुनौती से भिड़ेंगी पुष्पा




**पुष्पा** इम्पॉसिबल में आने वाले एपिसोड में पुष्पा के सामने अब तक की सबसे कठिन परीक्षा होगी. परिवार की सुरक्षा और सच की लड़ाई के बीच उन्हें अपने घर को बचाने की भी चुनौती का सामना करना पड़ेगा. शो में करुणा पांडे द्वारा निभाई जा रही पुष्पा रहस्यमयी गवाह की सच्चाई सामने लाने की कोशिश करती नजर आएंगी, जिसे ब्रिंदा त्रिवेदी के किरदार कदंबरी के वकील ने अदालत में पेश किया है. इस गवाह का कथित इकबाल-ए-जुर्म पूरे मामले की दिशा बदल सकता है, जिससे पुष्पा की सच की तलाश और कठिन हो जाती है. इसी बीच, आर्थिक संकट से उबरने की कोशिश में जयेश मोरे द्वारा निभाया गया किरदार दिलीप, पुष्पा को बताए बिना उनका घर गिरवी रख देता है. इससे परिवार के सिर से छत छिनने का खतरा पैदा हो जाता है, जबकि पुष्पा को इसकी भनक तक नहीं होती. आगामी घटनाक्रम पर करुणा पांडे ने कहा, 'ज़िंदगी कभी पुष्पा को एक समय में सिर्फ़ एक चुनौती नहीं देती. जब वह सच के लिए लड़ रही होती है, तभी एक और समस्या उसके सामने आ जाती है. मुझे लगता है कि बहुत से लोग इससे खुद को जोड़ पाएंगे, क्योंकि ज़िंदगी अक्सर हमारी उम्मीद से कहीं ज़्यादा कठिन इम्तिहान लेती है.

## अरिजीत सिंह की सादगी ने फिर जीता देश का दिल



**अपनी** सादगी और विनम्र स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले गायक अरिजीत सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं. इस बार वजह उनका कोई नया गीत या कॉन्सर्ट नहीं, बल्कि एक ऐसा मानवीय कदम है जिसने करोड़ों प्रशंसकों को भावुक कर दिया. जानकारी के अनुसार, कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती आठ वर्षीय गंभीर रूप से बीमार बच्चा अरिजीत सिंह का बहुत बड़ा प्रशंसक है. वह लगातार अपने परिवार से यही कह रहा था कि उसकी सबसे बड़ी इच्छा अपने पसंदीदा गायक से एक बार मिलने की है.



# पहली बार साथ दिखेंगे अली-ऋचा

## दिल्ली बनेगी कहानी का दिल

**अभिनेता** अली फ़ज़ल और अभिनेत्री ऋचा चड्ढा पहली बार किसी फिल्म में एक-दूसरे के अपोजिट रोमांटिक जोड़ी के रूप में नजर आएंगे. दोनों एक अनटाइटल्ड सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं, जिसका निर्माण सीनवर्क प्रोडक्शंस और गिरिराज प्रोडक्शंस संयुक्त रूप से कर रहे हैं. फिल्म में वरिष्ठ अभिनेता कुमुद मिश्रा भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे.

निर्देशक शाशी वर्मा इस फिल्म के जरिए मनोरंजन, हास्य और सामाजिक संदेश का संतुलित मेल दर्शकों के सामने पेश करने की तैयारी में हैं. फिल्म की कहानी दिल्ली की भागदौड़, वहां के रंग-बिरंगे जीवन और आम लोगों की रोजमर्रा की परिस्थितियों के इर्द-गिर्द बुनी गई है. निर्देशक का कहना है कि इस फिल्म में दिल्ली केवल पृष्ठभूमि नहीं होगी, बल्कि कहानी के साथ चलने वाला एक जीवंत किरदार बनेगी. रिश्तों की जटिलताओं, समाज के नजरिए और जीवन बदल देने वाली छोटी-छोटी घटनाओं को हल्के-फुल्के हास्य के साथ प्रस्तुत किया जाएगा.हालांकि अली फ़ज़ल और ऋचा चड्ढा इससे पहले 'फुकरे' फ्रेंचाइजी में साथ काम कर चुके हैं, लेकिन इस बार पूरी कहानी उनके किरदारों के इर्द-गिर्द घूमेगी. यही वजह है कि दर्शकों को पहली बार उनकी रोमांटिक केमिस्ट्री देखने का अवसर मिलेगा. अली फ़ज़ल ने कहा कि उन्हें स्क्रिप्ट पढ़ते ही महसूस हो गया था कि कहानी में कुछ अलग और खास है. उन्होंने यह भी बताया कि वह लंबे समय से शाशी वर्मा के निर्देशन में काम करना चाहते थे और यह अवसर उनके लिए बेहद उत्साहजनक है.



# यामाहा आर2 से बढ़ेगी स्पोर्ट्स बाइक की टक्कर

**भारतीय** दोपहिया वाहन बाजार में अपनी मजबूत पहचान रखने वाली यामाहा अब एक नई स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल लाने की तैयारी में है. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कंपनी यामाहा ऋ2 को भारतीय बाजार में लॉन्च करने की योजना पर काम कर रही है. हालांकि कंपनी की ओर से अभी तक इस मोटरसाइकिल के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इसकी संभावित एंट्री को लेकर मोटरसाइकिल प्रेमियों में उत्सुकता बढ़ गई है.

यामाहा आर2 को प्रीमियम स्पोर्ट्स बाइक श्रेणी में उतारा जा सकता है. उम्मीद की जा रही है कि इसमें शक्तिशाली इंजन दिया जाएगा, जो तेज रफ्तार के साथ बेहतरीन प्रदर्शन और संतुलित ईंधन दक्षता भी प्रदान करेगा. हालांकि इंजन की क्षमता और तकनीकी विवरण का आधिकारिक खुलासा अभी नहीं हुआ है. संभावित फीचर्स की बात करें तो इस मोटरसाइकिल में पूर्ण एलईडी प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल उपकरण पटल, स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, दोहरे चैनल वाला एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, फिसलन नियंत्रक क्लच, आकर्षक मिश्रधातु के पहिये और कई आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सुविधाएं मिलने की उम्मीद है.

इसके अलावा बाइक में स्पोर्टी बैठने की स्थिति, बेहतर सस्पेंशन और मजबूत ब्रेकिंग प्रणाली भी दी जा सकती है, जिससे ऊंची रफ्तार पर भी बेहतर नियंत्रण मिल सके. यामाहा की आर-सीरीज की मोटरसाइकिलें दुनिया भर में अपने आक्रामक डिजाइन और शानदार प्रदर्शन के लिए लोकप्रिय रही हैं. यदि आर2 भारतीय बाजार में आती है, तो इसका मुकाबला इस श्रेणी की अन्य प्रीमियम स्पोर्ट्स मोटरसाइकिलों से हो सकता है. फिलहाल कंपनी ने लॉन्च की समयसीमा, कीमत, इंजन और अन्य तकनीकी विशेषताओं की पुष्टि नहीं की है.



# जुलाई में पर्दा उठाएगी नई निसान टेक्टॉन एसयूवी

**निसान** मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की तैयारी कर रही है. कंपनी की नई एसयूवी टेक्टॉन का ग्लोबल डेब्यू 9 जुलाई को होगा. लॉन्च से पहले सामने आई जानकारियों के अनुसार यह एसयूवी अपने आकर्षक डिजाइन, आधुनिक तकनीक और प्रीमियम फीचर्स के दम पर हुंडई क्रेटा, किआ सेल्टोस और अन्य लोकप्रिय मॉडलों को कड़ी चुनौती दे सकती है.

टेक्टॉन के डिजाइन की बात करें तो इसमें निसान की वैश्विक डिजाइन भाषा देखने को मिल सकती है. फ्रंट में कनेक्टेड एलईडी डीआरएल, आकर्षक एलईडी हेडलैंप, मस्कुलर बोनट और दमदार ग्रिल इसे प्रीमियम लुक देंगे. इसके डिजाइन की तुलना कई लोग निसान पेट्रोल से कर रहे हैं, जिसकी वजह से इसे 'बेबी पेट्रोल' का नाम भी दिया जा रहा है. केबिन में भी कई आधुनिक सुविधाओं की उम्मीद है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, पूरी तरह डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कारप्ले, पैनोरमिक सनरूफ, वायरलेस चार्जिंग, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, प्रीमियम साउंड सिस्टम और वेंटिलेटेड सीट्स जैसे फीचर्स मिल सकते हैं. सुरक्षा के लिहाज से भी टेक्टॉन काफी मजबूत हो सकती है. इसमें 360-डिग्री कैमरा, मल्टीपल एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, हिल स्टार्ट असिस्ट और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसे फीचर्स मिलने की संभावना है. हालांकि कंपनी ने अभी इंजन विकल्प, वेरिएंट और कीमत का आधिकारिक खुलासा नहीं किया है.

माना जा रहा है कि इन सभी जानकारियों से 9 जुलाई को ग्लोबल डेब्यू के दौरान पर्दा उठेगा. यदि निसान प्रतिस्पर्धी कीमत और आधुनिक फीचर्स के साथ टेक्टॉन को बाजार में उतारती है, तो यह मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में ग्राहकों के लिए एक मजबूत नया विकल्प बन सकती है और क्रेटा-सेल्टोस जैसी स्थापित एसयूवी की चुनौती भी बढ़ा सकती है.



# 50 हजार सस्ती हुई मारुति टूर एच1, ऑफर शुरू

**मारुति** सुजुकी ने जुलाई 2026 के दौरान अपनी कमर्शियल कार टूर एच1 पर आकर्षक छूट की पेशकश की है। इस अवधि में ग्राहक इस मॉडल पर अधिकतम 50 हजार रुपये तक का लाभ प्राप्त कर सकते हैं. इस ऑफर में नकद छूट, एक्सचेंज बोनस और अन्य प्रोत्साहन शामिल हैं. हालांकि, यह लाभ शहर, डीलर और उपलब्ध स्टॉक के अनुसार अलग-अलग हो सकता है.

मारुति टूर एच1 को मुख्य रूप से टैक्सी चालकों और व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार किया गया है. इसके बाहरी हिस्से में हैलोजन हेडलाइट, बॉडी के रंग वाले बंपर और स्टील के पहिये दिए गए हैं. वहीं, केबिन को यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त जगह के साथ तैयार किया गया है. इसमें वातानुकूलन प्रणाली, हीटर, पावर स्टीयरिंग, डिजिटल स्पीडोमीटर और सामने के दरवाजों में एक-एक लीटर की बोतल रखने की सुविधा जैसी उपयोगी विशेषताएं मिलती हैं. कार में कंपनी का एक लीटर क्षमता वाला के-सीरीज डुअल जेट पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो पांच-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स से जुड़ा है. यह इंजन पेट्रोल संस्करण में 66.62 बीएचपी की शक्ति और 91.1 न्यूटन मीटर का टॉर्क उत्पन्न करता है.




# एथर की नई इलेक्ट्रिक स्कूटर सीरीज हुई पेश

**भारतीय** इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी एथर एनर्जी ने एथर 450एक्स ओवरटोन्स सीरीज पेश की है. कंपनी ने इस नई श्रृंखला में अपने लोकप्रिय 450एक्स मॉडल के मूल डिजाइन को बरकरार रखते हुए उसे नए रंगों और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित किया है. नई श्रृंखला में स्टिल व्हाइट, स्पेस ग्रे और लूनर ग्रे जैसे तीन नए रंगों का विकल्प दिया गया है, जो स्कूटर को पहले से अधिक आकर्षक और प्रीमियम रूप प्रदान करते हैं.

नई ओवरटोन्स सीरीज की सबसे बड़ी खासियत 900 वॉट का तेज चार्जर और आवाज से नियंत्रण की सुविधा है. इस सुविधा के जरिए चालक केवल बोलकर स्कूटर के कई कार्यों का संचालन कर सकेगा, जिससे सफर पहले की तुलना में अधिक आसान और सुविधाजनक बनेगा. वहीं, 900 वॉट का तेज चार्जर बैटरी को कम समय में चार्ज करने में मदद करेगा, जिससे लंबी दूरी तय करने वाले ग्राहकों को अधिक सुविधा मिलेगी. एथर ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी 450 श्रृंखला के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, यानी उपकरण और संचालन प्रणाली, दोनों में लगातार सुधार किए हैं. कंपनी ने स्वत: रोक प्रणाली, मैजिक ट्विस्ट और बहु-मोड कर्षण नियंत्रण प्रणाली जैसी सुविधाओं को शामिल कर स्कूटर की सुरक्षा, नियंत्रण और चलाने के अनुभव को बेहतर बनाया है. स्वत: रोक प्रणाली ढलान पर स्कूटर को बिना पीछे खिसके स्थिर रखने में मदद करती है. वहीं, मैजिक ट्विस्ट प्रणाली ऊर्जा पुनर्प्राप्ति आधारित ब्रेकिंग के जरिए सफर को अधिक सहज बनाती है. बहु-मोड कर्षण नियंत्रण प्रणाली अलग-अलग सड़क परिस्थितियों में पहियों की पकड़ और संतुलन बनाए रखने में सहायक होती है.



हालांकि नई ओवरटोन्स सीरीज में यांत्रिक स्तर पर बड़े बदलाव नहीं किए गए हैं, लेकिन कंपनी का पूरा ध्यान इसे पहले से अधिक स्मार्ट, आकर्षक और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने पर रहा है. नए रंगों, तेज चार्जिंग, आवाज से नियंत्रण और आधुनिक सुविधाओं के साथ एथर 450एक्स ओवरटोन्स सीरीज उन ग्राहकों के लिए एक मजबूत विकल्प बन सकती है, जो स्टाइल, आधुनिक तकनीक और शानदार प्रदर्शन वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर की तलाश में हैं.